उत्तर प्रदेश सरकार

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना/विज्ञप्ति

## उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025

**(दिनांक 25–04–2026, 26–04–2026 एवं 27–04–2026 को आयोजित लिखित परीक्षा के प्रश्नों तथा उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में ऑनलाइन आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की सूचना का प्रकाशन)**

संख्याः–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02/2025 दिनांक– मई 07 ,2026

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 की दिनांक 25–04–2026, 26–04–2026 एवं 27–04–2026 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के सभी 06 पालियों के प्रश्न पत्रों तथा उत्तर कुंजी को बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर निम्नानुसार प्रदर्शित की जायेगीः–

| क्र0सं0 | परीक्षा तिथि | पाली | आपत्ति प्रस्तुत करने की प्रारम्भिक तिथि | आपत्ति दाखिल करने की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 25–04–2026 | प्रथम एवं द्वितीय पाली | 07–05–2026 | 10–05–2026 की मध्य रात्रि तक |
| 2 | 26–04–2026 | प्रथम एवं द्वितीय पाली | | |
| 3 | 27–04–2026 | प्रथम एवं द्वितीय पाली | | |

2– अभ्यर्थियों को किसी प्रश्न या किसी प्रश्न के उत्तर विकल्प या उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में कोई विसंगति ज्ञात होती है तो वे अपनी आपत्ति सुसंगत अभिलेख/सूचना/संदर्भ (Reference) के साथ ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थियों को आपत्ति दर्ज कराने हेतु बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर जाकर अपना इस परीक्षा का रोल नम्बर, जन्म तिथि व प्रश्न पुस्तिका क्रमांक की सहायता से लॉगिन करना होगा, जिसमें प्रत्येक अभ्यर्थी केवल अपने प्रश्न पत्र/उत्तर कुंजी देख सकेंगें।

3– **अभ्यर्थीगण उपरोक्त अंकित सारणी में अपनी परीक्षा तिथि के सम्मुख अंकित निर्धारित तिथि तक ही अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।** जिस प्रश्न के सम्बन्ध में एक बार आपत्ति दर्ज की चुकी है, उस प्रश्न पर पुनः आपत्ति नहीं की जा सकेगी।

4– अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि आपत्ति दर्ज कराने से पूर्व उसका भली–भांति परीक्षण करने के उपरान्त ही आपत्ति दर्ज करें। आपत्ति किये गये प्रत्येक प्रश्न पर अपनी आपत्ति

को सबमिट करे। अन्त में सम्पूर्ण प्रश्न पत्र को सबमिट करें। जब तक सम्पूर्ण प्रश्नपत्र को पूर्णतः सबमिट न कर दिया जाये तब तक आप बचे हुये प्रश्नों पर आपत्ति दर्ज कर सकते है।

5— अभ्यर्थी अपनी आपत्ति केवल बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन ही दर्ज करा सकते हैं। **इससे भिन्न किसी अन्य माध्यम से प्रेषित आपत्तियों यथा—रजिस्ट्री, डाक, ई—मेल आदि पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**

6— यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

7— ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें ऑनलाइन आपत्तियॉ दर्ज करने में समस्या आ रहीं है, वे दिनांक 10—05—2026 से पूर्व अपना नाम, पंजीकरण संख्या, अनुक्रमांक, परीक्षा केन्द्र का नाम/कोड/पता (जहॉ पर परीक्षा दी गयी है), परीक्षा का दिनांक एवं परीक्षा की शिफ्ट का उल्लेख करते हुये हेल्पलाइन नम्बर—08065075069 पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा ईमेल आईडी— sampark@uppbpb.gov.in पर मेल कर सकते हैं।

8— एनरोलमेंट प्रक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना/विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि अद्यतन स्थिति जानने हेतु नियमित तौर पर बोर्ड की उक्त वेबसाइट को इस एनरोलमेंट के सम्बन्ध में देखते रहें।

7/5/26

अपर सचिव (भर्ती)/परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।